## संक्षिप्त

### माहे रमजान मुबारक़ का तीसरा जुम्मा अदा किया

**देवली ।** रमजान माह के चलते शहर के मुस्लिम समाज ने माहे मुबारक़ रमज़ान करीम के तीसरे जुम्मे की नामज स्थानीय सभी मस्जिदों मे अता की गई। इस दौरान खुदा की बारगाह मे इबादत पर सैकड़ो शीश झुके। समाज के मोहम्मद इदरीश ने बताया कि अल अंसार मस्जिद के इमाम मुफ़्ती फारुख लोहार नदवी ने रोज़े के तीसरे अशरे (अंतिम दस दिवस) 20 से लेकर 30 वे रोजे पर रौशनी डाली। इस अवसर पर कहाँ की रमजान शरीफ का तीसरा अशरा जहन्नुम से निजात (नर्क से मुक्ति) का है। इसमें हमें अपने गुनाहों की रब से तोबा (माफी) मांगनी चाहिए। और नेक कार्य करने चाहिए। तो वहीं गरीब लोगों में दान पुण्य करना चाहिए। नकवी ने मोमिनो से यह भी कहां की खाली भूखे प्यासे रहने का नाम रोजा नहीं हैं। बल्कि एक अहसास तकवा,परहेज़ त्याग क़ा नाम ही रोज़ा होता है।

### समन्वयक नियुक्त

**पावटा ।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक कांग्रेस,नगर कांग्रेस,मण्डल कांग्रेस,ग्राम पंचायत कांग्रेस, बूथ कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के कार्यों को गति प्रदान करने तथा संगठनात्मक गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा योगेश मेहता को जयपुर ग्रामीण जिले के विराटनगर विधानसभा क्षेत्र से प्रभारी एवं समन्वयक नियुक्त कर बूथ मैनेजमेंट और संगठन की ज़िम्मेदारी सौंपी है। योगेश मेहता की नियुक्ति पर विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर , ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पावटा अध्यक्ष महादेव यादव सहित सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई व शुभकामनाए दी।

### फरार वांछित आरोपी गिरफ्तार

**मालपुरा।** फरार वांछित आरोपियो की गिरफ्तारी को लेकर जिला पुलिस अधिक्षक के निर्देशो पर चलाये गये अभियान के तहत डिग्गी थाना पुलिस ने अतिरिक्त पुलिस अधिक्षक मोटाराम बेनिवाल,पुलिस उपाधिक्षक आशीष प्रजापत के सुपरविजन मे डिग्गी थानाधिकारी सत्यनारायण चौधरी व उनकी टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुये एनडीपीएस मामले मे फरार वांछित आरोपी ईशान मंसुरी उर्फ बाबू खां निवासी सांपला थाना केकडी को गिरफ्तार कर न्यायालय मे पेश किया। जहां से न्यायालय ने आरोपी को पीसी रिमांड पर भेजा।

### नितिन सिंह का किया स्वागत

**पावटा।** गेट 2025 आल इंडिया 243 रैंक प्राप्त करने पर नितिन सिंह पठानिया पुत्र राज सिंह पठानिया का पावटा में स्वागत सम्मान किया गया। इस इस दौरान पावटा प्रागपुरा नगरपालिका वाइस चेयरमैन नरपत सिंह ललाना, प्रागपुरा भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह कैरोड़ी , कोटपुतली दक्षिण मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह भोनावास, नरेंद्र सिंह कैरोड़ी ,नवीन सिंह राजनोता, जगदीश गेट , मोहन यादव, उमेश एडवोकेट, हेमंत शर्मा एडवोकेट, कैलाश कुमावत, संजय कुम्हार, कृष्ण स्वामी आदि उपस्थित रहे।

### चाकु से प्राण घातक हमले का आरोपी गिरफ्तार

**मालपुरा।** टोडारायसिंह नगरपालिका शहरी क्षैत्र मे बीते दिनो एक युवक पर चाकु से प्राण घातक हमला कर फरार चल रहै अरोपी अमर सिंह गुर्जर निवासी टोडारायसिंह को किया गिरफ्तार। थानाधिकारी ने बताया कि घायल युवक की और से नामजद मामला दर्ज करवाया गया था। विशेष टीम ने आरोपी की तलाश करते हुये दबिश की कार्यवाही कर गिरफ्तारी मे सफलता हासिल की। आरोपी को न्यायालय मे पेश किया जहां से आरोपी को न्यायालय ने भेजा पीसी रिमांड पर।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

# समय सीमा में कार्य पूर्ण करने हेतु कार्य योजना बनाकर उसे अमल में लाए : कलेक्टर

अलवर सचिवालय पर अधिकारियों की बैठक लेते जिला कलेक्टर डॉ अर्तिका शुक्ला।

■ बजट घोषणाओं की प्रगति के संबंध में जिला कलेक्टर ने की समीक्षा बैठक। एक सप्ताह में भूमि आवंटन संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

**अलवर ।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में आज मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में बजट घोषणाओं की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

जिला कलक्टर ने जिले के लिए हुई बजट घोषणाओं की बिन्दुवार प्रगति की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित टाइम लाइन के अनुसार कार्यों को पूर्ण करने की कार्ययोजना बनाकर उसे मूर्त रूप देवे। उन्होंने निर्देश दिये कि जिन बजट घोषणाओं में भूमि की आवश्यकता है उनके आवंटन हेतु संबंधित विभागीय अधिकारी संबंधित उपखण्ड अधिकारी से समन्वय कर एक सप्ताह में भूमि आवंटन संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं की निरन्तर समीक्षा की जाएगी अत: संबंधित अधिकारी साप्ताहिक प्रगति की रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि शहर की विभिन्न कॉलोनियों में जल प्रदाय सुविधा विकसित करने के कार्यों की एक सप्ताह में डीपीआर तैयार करें। उन्होंने विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि कठूमर में 132 केवी जीएसएस के लिए चिन्हित की गई भूमि के आवंटन के संबंध में सीडीईओ से समन्वय कर आवंटन प्रक्रिया पूर्ण करें। उन्होंने अलवर शहर में नवीन कन्या महाविद्यालय के लिए भूमि आवंटन हेतु यूआईटी सचिव को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देश दिये कि नवीन क्रमोन्नत पीएचसी के भवन निर्माण के प्रस्ताव तैयार करें तथा जहां भूमि की आवश्यकता है उसके लिए संबंधित उपखण्ड अधिकारी से समन्वय करें।

उन्होंने अखैपुरा में पुलिस थाने के लिए भूमि चिन्हित व आवंटन कार्य के लिए एडीएम प्रथम को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने अलवर सरस डेयरी में नवीन दुग्ध संयंत्र की स्थापना के लिए सरस डेयरी एमडी को निर्देश दिये कि इसके लिए आरसीडीएफ से समन्वय कर कार्य को गति प्रदान करें। उन्होंने जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति हेतु कंटीजेन्सी फण्ड में वृद्धि की गई है उसके अनुरूप नवीन प्रस्ताव तैयार कर भिजवाए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि सीवरेज लाइन डालने के कार्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करें तथा इसमें घरेलू कनेक्शन के कार्य में भी गति लावे। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि अलवर जिले के लिए की गई बजट घोषणाओं के साथ-साथ ऐसी बजट घोषणाएं जो सम्पूर्ण राज्य के लिए है उन घोषणाओं को भी मूर्त रूप देने हेतु कार्य को गति प्रदान करें। उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल की समीक्षा कर निर्देश दिये कि आमजन की परिवेदनाओं का न केवल त्वरित निस्तारण किया जाए बल्कि उनकी संतुष्टि स्तर को बढ़ाने हेतु सकारात्मक प्रयास करें।

## एक दिन में 455 युवाओं को मिला रोजगार तो खिले चेहरे

**तिजारा।** युवाओं को शैक्षिणक एवं कौशल योग्यता के आधार पर निजी क्षेत्र में रोजगार दिलाने हेतु एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन कर सहज एवं सरल माध्यम / प्लेटफार्म उपलब्ध कराया गया। रोजगार मेले का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान तिजारा में किया गया तथा इस दौरान कुल 455 युवाओं का प्राथमिक चयन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि जिला कलेक्टर किशोर कुमार, प्रधान तिजारा जय प्रकाश यादव, पार्षद सुल्तान सिंह पालीवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने रोजगार मेले का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी नियोक्तागण से स्टाल टू स्टाल सम्पर्क कर नियुक्ति प्रक्रिया, वेतन, नियुक्ति संख्या की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की तथा रोजगार विभाग के अधिकारियों आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किये। कलेक्टर ने सम्पूर्ण मेला प्रक्रिया का फालों-अप कर इसमें स्वरोजगार, उद्यिमता एवं अन्तिम चयन पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार एवं प्रधान तिजारा जेपी यादव ने आशार्थियों को प्रोत्साहित किया तथा निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। इस शिविर में लगभग 1000 युवक युवतियों ने भाग लिया जिसमें प्रमुख रूप से आईटीआई, 10वी, 12वी, डिप्लोमा, बी टेक एवं स्नातक योग्यता धारक उपस्थित रहें। इस आयोजन में भिवाडी, नीमराणा, अलवर, बावल, खैरथल, टपूकडा, जयपुर की 24 कम्पनियों ने भाग लिया। रोजगार मेला में युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर विभिन्न कंपनियों में रोजगार प्राप्त किया।

इस अवसर पर उपखंड अधिकारी संजीव वर्मा, तहसीलदार तिजारा कृष्ण कुमार, हरीश नानकवाल सहायक निदेशक जिला रोजगार कार्यालय अलवर, बाबू लाल राजोरिया संस्थापन अधिकारी, मिताक्षी गोयल सहायक निर्देशक राजकीय आईटीआई. तिजारा, मनोज कुमार जांगिड़ अधीक्षक राजकीय आई-टी-आई. किशनगढ़बास, समाज कल्याण अधिकारी गजराज यादव उपस्थित रहे।

## मालाखेड़ा-उमरैण आंगनवाडी केन्द्रों पर हुए घोटालों दबाने में लगा विभाग

■ निदेशक ने नोटिस देकर मांगा जवाब, विभाग जांच के नाम पर कागजों में घुमा रहा है जांच

**अलवर।** मालाखेडा और उमरैण आंगनवाडी केन्द्रों पर पोषाहारों में हुए घोटाले की जांच के लिए उच्च अधिकारियों ने नोटिस देकर जवाब तो मांग लिया लेकिन यह सिर्फ जवाब कागजों में दब कर रह गए है। आज भी इन आंगनवाडी केन्द्रों पर तीन चार महीनों पुराने पोषाहार को बांटा जा रहा है। मालाखेड़ा-उमरैण पंचायत समिति के आंगनवाडी केन्द्रों पर पोषाहारों में भारी घोटाला शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया गया था जिस पर निदेशक महिला बाल विकास ने एक लेटर या नोटिस महिला बाल विकास विभाग अलवर के उप निदेशक महेश चंद गुप्ता को जारी कर इस मामले मे संपूर्ण रिपोर्ट मांगी।

निदेशक द्वारा मिले नोटिस के जवाब के लिए उपनिदेशक महिला बाल विकास विभाग अलवर ने एक पत्र मालाखेडा सीडीपीओ को क्रमांक 1225-26 दिनांक 3 मार्च को जारी कर इस मामले में जांच कर जवाब मांगा। उप निदेशक के पत्र को मिलते ही मालाखेड़ा-उमरैण के महिला बाल विकास विभाग में हडकंप मंच गया और उन्होंने इस मामले को दबाने के लिए महिला पर्यवेक्षकों से जवाब मांगा तो पर्यवेक्षक ने सेक्टर मिटिंग बुलाई जिसमें तीन सैक्टरों की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता मौजूद रही इस दौरान कार्यकर्ता और पर्यवेक्षक में नोक झोक भी हुई कार्यकर्ताओं ने पर्यवेक्षक पर आरोप लगाते हुए कहा कि मैडम ये सारा मामला आपका करा धरा है ठेकेदार से मिलीभगत आपकी है आप हमे मीटिंग के बहाने बुला लेती हो और पीछे से ठेकेदार पोषाहार डाल देता है हमने कभी इस बारे में गौर भी नही किया कि माल पुराना है या नया इसका दोषी ठेकेदार है। कोई भी उच्च अधिकारी आज तक जांच करने किसी आंगनवाडी केन्द्र पर नही पहुंचा है जिससे यह बड़ी जांच कागजों में घूम कर ही रह गई है आज भी इन पंचायतों के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बैक डेट का पोषाहार बच्चों और गर्भवती महिलाओं को बांटा जा रहा है जो उनके स्वास्थ्य को प्रभावित कर रहा है और राजस्थान सरकार को करीब 80 लाख का चूना प्रति माह लगाया जा रहा है यह सारा खेल मात्र चंद रूप्ये के लालच में किया जा रहा है। विभाग को चाहिए इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की जाए क्योंकि यह मामला बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर है लेकिन विभाग के अधिकारी इस पर मिट्टी डाल कर दबाना चाह रहे है। लेकिन जांच अधिकारी यह भूल रहे है कि बच्चे और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़े इस गौरख धंधे पर मीडिया की पैनी नजर रहेगी जब तक दोषियों को अंजाम तक नही पहुंचाया जाएगा तब तक उन्हें चैन से बैठने नही दिया जाएगा।

## फुलेरा में हर्षोल्लास के साथ बास्योड़ा मनाया

■ माता शीतला के लगाया ठण्डे पकवानों का भोग

बास्योड़ा का पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मनाया

**फुलेरा ।** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्रों में शुक्रवार को बास्योड़ा का पर्व हर्षोल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस दौरान शीतला माता के ठण्डे पकवानों का भोग लगाकर पूजन किया। साथ ही पूरे दिन में गर्म वस्तु का सेवन वर्जित रखकर घरों में लोगों ने ठण्डे पकवानों का ही सेवन किया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए प्राचीन शीतला माता मन्दिर के पुजारी धन्ना लाल प्रजापति ने बताया कि क्षेत्र के गांधी चौक स्थित शीतला माता मन्दिर परिसर में पूजा के लिए रात्रि 12:05 बजे महिलाओं का आना शुरू हुआ। महिलाओं ने शीतला माता की पूजा अर्चना कर राबड़ी दही, चावल, रोटी, पुआ, हलवा आदि का प्रसाद चढ़ाया। वहीं पूजा के बाद महिलाओं ने माता के चरणों का खोलन पीकर निरोगी काया एवं सुख शांति रखने की कामना की। शीतला माता के बाद पथवारी की पूजा की गई तथा समूह में बैठकर कहानी सुनी व बुजुर्ग महिलाओं के चरण छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही महिलाओं ने शीतला माता की पूजा-अर्चना कर मन्दिर के पुजारी को पूजापा दिया। पुजारी धन्ना लाल प्रजापति ने बताया कि माता को ठण्डे पकवानों का भोग लगाकर ठण्डे भोजन का ही सेवन किया जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार शीतला अष्टमी, बास्योड़ा के दिन कपड़ों की कटिंग व सिलाई का कार्य एवं गर्म भोजन का सेवन वर्जित माना जाता है।

## सेवा भारती के प्रांत प्रमुख का नगर प्रवास

**श्रीमाधोपुर।** सेवा भारती के जयपुर प्रांत के स्वास्थ्य आयाम प्रमुख जय नारायण शुक्ला का श्रीमाधोपुर में प्रवास हुआ जिसमें सेवा भारती द्वारा सेवा बस्ती में चलाए जा रहे नि:शुल्क महर्षि वाल्मीकि बाल संस्कार केंद्र एवं पन्नाधाय बाल संस्कार केंद्र नांगल भीम का निरीक्षण किया। इन केंद्रो पर शिक्षा प्राप्त कर रहे बालक बालिकाओ को देश, संस्कृति आदि के बारे में जानकारी दी तथा उनको भविष्य में अच्छे नागरिक बनने के लिए मार्गदर्शन किया तथा स्वास्थ्य के प्रति शिक्षाप्रद जानकारी दी। इस अवसर पर प्रकल्प शिक्षिकाएं एवं नगर प्रमुख सत्यनारायण सेन , दयाशंकर जीनगर, रामजीलाल शर्मा, चिरंजी लाल जीनगर , महेंद्र सैनी, अभिषेक कुमावत आदि उपस्थित रहे । शाम 7 बजे संस्कृति भवन में सेवा भारती के शुक्ला जी ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली जिसमें सेवा बस्ती में और भी प्रकल्प चलाए जाने के लिए मार्गदर्शन किया । अंत में कल्याण मंत्र के साथ बैठक का समापन हुआ।

## कवि सम्मेलन में कवियों ने चलाये काव्यों के बाण

■ मालपुरा में आयोजित कवि सम्मेलन में कवियों ने नेताओं पर किये व्यग्य के काव्य

**मालपुरा।** हिन्दु समरस्ता मंच व माणक चौक बाजार व्यापार मण्डल की ओर से आयोजित विराट कवि सम्मेलन में ख्याति प्राप्त कवियों ने काव्य पाठ कर राजनेताओं व वर्तमान राजनीति पर चलाये काव्य के बाण। माणक चौक बाजार में आयोजित कवि सम्मेलन में पहुचे थानाधिकारी चैनाराम बेडा, भाजपा मण्डल अध्यक्ष जिनेन्द्र जैन, पूर्व मण्डल अध्यक्ष त्रिलोक जैन, पार्षद अंकित जैन, ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर कवि सम्मेलन का शुभारम्भ किया। वीर रस के कवि संदीप शोर्य ने देश की सीमाओं व जम्मु कश्मीर में डटे सुरक्षाबलों के साथ हो रहे व्यवहार पर काव्य पाठ करते हुए अब जो पत्थर फेंक दिया तो धरती से पत्थर बाजों का नामोनिशान मीटा देंगे, गांव का बेटा बात तुम्हें गांव की सुनाता हूँ, देने आया तुम्हे निमंत्रण गांव तुझे बुलाता है कविता पढते हुए समुचे कवि सम्मेलन में वन्दे मातरम के जयघोष लगा श्रोताओं की तालियां बटोरी। कवि लक्ष्मण शर्मा ने नाथी थारा बाडा में पेपर होग्या फेल फुटपाता पर डिग्ग्रयां बिक रही , सरकार में चोर या फिर सरकार ही है चोर राज खजानों सारो खाग्या देखो नेताजी पाछा आग्या काव्य पाठ करते हुए श्रोताओं को लोट पोट कर दिया। कवि ओम आदर्शी ने कईयां खाति मक्का की राबडी , गंजी खोपडी मीठो तेल देखो रे नेता को खेल कवि देवकरण देव ने जिन्दगी की सभी राहे आसान है तुम्ही बताओ वन में क्यों आये थे रामलला। कवि पीके मस्त ने आज की युवा पीढी द्वारा यातायात नियमों को लेकर बरती जा रही लापरवाही तो बढती दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने में नियमों की शिथिलता पर काव्य पाठ कर देर रात तक श्रोताओ को काव्य पाठ से बांधे रखा।

## पाण्डुला में भव्य जुलूस के साथ झंडारोहण कार्यक्रम सम्पन्न

अध्यक्ष रमेश नागर की अध्यक्षता में संकल पंचो की मौजदगी में आम सभा की बैठक आयोजित की।

■ पाण्डुला में सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक आयोजित, सम्मेलन की कार्यकारिणी का किया विस्तार

**उनियारा।** पलाई,पाण्डुला-धीरपुर में 8 मई क़ो आयोजित होने वाले अखिल नागरचाल धाकड़ समाज 108 गाँव का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन क़ो लेकर अखिल नागरचाल धाकड़ महासभा 108 गाँव की समाज अध्यक्ष रमेश नागर की अध्यक्षता में संकल पंचो की मौजदगी में आम सभा की बैठक आयोजित की गईं।

बैठक कों धाकड़ महासभा प्रदेशाध्यक्ष हेमराज नागर व सम्मेलन समिति अध्यक्ष प्रधान पदम् नागर, 108 गाँव समाज अध्यक्ष रमेश नागर ने बैठक कों सम्बोधित किया।सम्मेलन समिति अध्यक्ष प्रधान पदम् नागर व मिडिया प्रभारी श्योजीलाल धाकड़ ने बताया की बैठक में विवाह सम्मेलन की झंडे की की बोली सभी संकल पंचो समक्ष सोजीलाल नागर पुत्र मांगीलाल नागर पाण्डुला वालों के 81 हजार रु, गणेशजी महाराज की रमेश धाकड़ पुत्र रामनाथ धाकड़ पाण्डुला वालों के 56 हजार सौ रु में छोड़ी गईं। बैठक में विवाह सम्मेलन की कार्यकारिणी का विस्तार कर गठन किया गया।झंडारोहण का जुलूस गाजे बाजे के साथ घोड़ी पर बैठाकर रघुनाथ मंदिर से प्रारम्भ हुआ।

जुलूस में महिला पुरुष बैण्ड बाजे की धुन पर थिरकते रहे। कस्बे में धरणीधर भगवान के जयकारे गुंजायमान रहे। जुलूस में जगह जगह पुष्प वर्षा, व आतिशबाजी से स्वागत किया। झण्डारोहण जुलूस रघुनाथ मन्दिर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से मुख्य मार्गो होकर धाकड़ धर्मशाला के पास बालाजी मंदिर व सम्मेलन स्थल पर पहुंचे। आचार्य ने वैदिक मन्त्रों उच्चारण से पूजा अर्चना के साथ झंडे का पूजन करवा कर सम्मेलन के ध्वज पताका की स्थापना की गईं।

## बदसलूकी के खिलाफ़ श्रीमाधोपुर में प्रदर्शन

**श्रीमाधोपुर।** अजमेर में कार्यरत डॉ. कुलदीप शर्मा एवं उनके परिवार के साथ अजमेर पुलिस अधिकारियों द्वारा दुर्व्यवहार के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं जिसके ख़िलाफ़ आहत होकर श्रीमाधोपुर में विप्र समाज द्वारा राजस्थान मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम कार्यालय श्रीमाधोपुर में ज्ञापन दिया गया जिसमें डॉक्टर कुलदीप शर्मा को न्याय मिले एवं दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ़ सख़्त कार्रवाई की मांग की गई।

घटना की निष्पक्ष जांच हेतु मुख्यमंत्री से निवेदन किया गया। इस मौक़े पर कैलाश सारस्वत, दिलीप शर्मा, गजेन्द्र कुमार शर्मा, मनोज लोकनाथका, रवि कालिया, अजय मिश्रा, महेश शर्मा, संजय लोकनाथका, तपेंद्र कुमार शर्मा, अविनाश तिवारी, विवेक वशिष्ठ, महेंद्र शर्मा, राजेंद्र जोशी, प्रदीप शर्मा, विशाल बोहरा समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### भूपेंद्र यादव की सादगी और समानता गांव-गांव में बनी मिशाल

**किशनगढ़ बास।** केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव पिछले 7 दिन से अपने पिता कदम चंद यादव के निधन पर शोक में है।उनके पैतृक गुरुग्राम के गांव जमालपुर आवास पर शोक सभा बैठक में उनके अपने लोकसभा क्षेत्र अलवर के साथ देशभर से अलग-अलग कोनों से लोग संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए आवास पर पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को किशनगढ़ बास व्यापार महासंघ अध्यक्ष परमानंद लखयाणी, सरपंच जनेश भूटानी, जैन समाज के रमेश चंद जैन, सिख समाज के बलवीर सिंह लबाणा, दीपचंद यादव, सहित अनेक लोग मंत्री भूपेंद्र यादव के आवास पर शोक व्यक्त करने पहुंचे। वह पहुंचे लोगों ने स्वर्गीय कदम सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और संवेदनाएं व्यक्त की। इसके अलावा देश भर के विभिन्न राज्यों से राजनेता, मीडिया, अधिकारी, उद्योगपति शोक प्रकट करने के लिए पहुंचे थे। भूपेंद्र यादव की सादगी सरल स्वभाव मिलनसार व्यक्तित्व की गांव-गांव में लोग मिसाल दे रहे हैं।

### ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा

**नारायणपुर ।** केंद्र सरकार द्वारा बनाए जा रहे नेशनल हाईवे 248ए को नारायणपुर उपखंड से जोड़ने की मांग को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह और बानसूर विधायक देवीसिंह शेखावत को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित मार्ग थानागाजी से तोलावास, बामनवास कांकड़ होते हुए तालवृक्ष तक जाता है, जिसकी कुल दूरी 17.4 किलोमीटर है, जबकि यदि इसे बसई जोगियान होते हुए नारायणपुर से निकाला जाए, तो दूरी 21 किलोमीटर होगी। इससे करीब 1 लाख की आबादी और 63 गांवों को सीधा लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने मांग की कि इस मार्ग का नया सर्वे कराकर निर्माण करवाया जाए।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पावटा की बैठक 23 मार्च को

**पावटा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पावटा के अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव ने विराटनगर प्रभारी योगेश यादव एवं कांग्रेस विधायक प्रत्याशी पूर्व विधायक इन्द्राज सिंह गुर्जर के साथ विचार-विमर्श कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने हेतु एक विशेष बैठक 23 मार्च को होटल ग्रीन पार्क होटल पावटा में आयोजित की जाएगी, जिनमें जयपुर देहात (ग्रामीण) कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं जमवारामगढ़ पूर्व विधायक गोपाल मीणा, कांग्रेस प्रभारी जयपुर ग्रामीण एवं प्रदेश महासचिव आर.सी.चौधरी, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक इन्द्राज सिंह गुर्जर सहित वरिष्ठ नेताओं की गरिमामय उपस्थिति में संगठनात्मक मजबूती और आगामी रणनीतियों पर गहन चर्चा करेंगे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पावटा के अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव ने सभी कांग्रेस पदाधिकारियों, अग्रिम संगठनों के पदाधिकारियों, सेवादल के सदस्यों, कांग्रेस के वर्तमान एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों, पूर्व संगठन पदाधिकारियों, समस्त मंडल अध्यक्षों एवं उनकी कार्यकारिणी के सदस्यों, ब्लॉक कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों, तथा समस्त कार्यकर्ताओं से आग्रह किया है कि वे इस महत्वपूर्ण बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संगठन को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें।

**खोया पाया**

आवास संख्या 64, श्रवण विहार खेजडो का बास तहसील सांगानेर, जयपुर का मूल आवंटनपत्र/ रसीद/ साईड प्लान गिर/ गुम हो गया मिलने पर सूचित करें। नन्दलाल टोड़ावत पुत्र रघुनाथ टोड़ावत निवासी ग्राम सुखिया मोहनपुरा सांगानेर सम्पर्क 9829833444

**राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-प्रथम, प्रताप नगर, जयपुर**
क्रमांक:6987 **जाहिर आम-सूचना** दिनांक: 17.03.2025
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास संख्या 265/179 (EWS), (एरिया 47.625 वर्गमीटर), का आवंटन श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री हरि प्रसद शर्मा को किया जाकर आवंटन पत्र क्रमांक 1735 दिनांक 26.05.2004 के द्वारा जारी किया गया था। श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्र दिनांक 31.12.2020 को उप पंजीयक-अष्टम, मानसरोवर, जयपुर के यहाँ पंजीकृत करवाये गये । श्री सुरेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा उक्त आवास को दिनांक 20.12.2023 के द्वारा श्री राम बाबू पुत्र स्व. श्री भगवान दास को विक्रय कर उप पंजीयक-सांगानेर-द्वितीय जयपुर के यहां विक्रय पत्र का पंजीकृत करवाया गया। श्री राम बाबू द्वारा उक्त आवास दिनांक 04.10.2024 को श्री लखमी चन्द पुत्र श्री फैलीराम को विक्रय कर उप पंजीयक-सांगानेर-प्रथम, जयपुर के यहां विक्रय पत्र पंजीकृत करवाया गया। क्रेता/कैती श्री लखमी चन्द पुत्र श्री फैलीराम द्वारा आवासन मण्डल में उक्त आवास में अपना नाम मण्डल रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं है, श्री लखमी चन्द पुत्र श्री फैलीराम का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त-प्रथम, राज. आवा. मण्डल, जयपुर

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य द्वारा प्लॉट नम्बर 41-42 (उत्तरी-पूर्वी हिस्सा), रणजीत नगर, खातीपुरा, जयपुर में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 79.37 वर्गगज है को क्रय किया जा रहा है। यह कि सम्पूर्ण प्लॉट न. 41-42, कुल क्षेत्रफल 425.86 वर्गगज जे.डी.ए. जयपुर द्वारा पट्टा विलेख 03.12.2012 को सुरेश चन्द्र शर्मा के नाम से जारी किया गया, सुरेश चन्द्र शर्मा का स्वर्गवास 05.10.2014 को हो गया। सुरेश चन्द्र शर्मा के स्वर्गवास के बाद उनके विधिक व कानूनी उत्तराधिकारियों / वारिसान मे उनकी पत्नी विमलेश शर्मा, पुत्री अर्चना शर्मा, भावना शर्मा, पुत्र अमित शर्मा व अभिषेक शर्मा उक्त वर्णित सम्पत्ति मे अपने-अपने हिस्से के संयुक्त रूप से मालिक, काबिज, स्वामी व अधिकारी हुए। तत्पश्चात विमलेश शर्मा, अर्चना शर्मा, भावना शर्मा, ने उक्त सम्पत्ति मे अपने-अपने अविभाजित हिस्से का हक त्याग जरिये हक त्याग पत्र 29.05.2023 द्वारा अमित शर्मा एवं अभिषेक शर्मा के हित मे त्याग कर दिया। इस प्रकार अमित शर्मा एवं अभिषेक शर्मा उक्त सम्पत्ति के संयुक्त मालिक, स्वामी, काबिज व अधिकारी है। अमित शर्मा एवं अभिषेक शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति को किसी तीसर व्यक्ति को विक्रय किया जा रहा है, उक्त सम्पत्ति बाबत यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, बैंक, वित्तीय संस्था, सगे सम्बन्धी या अन्य कोई वारिसान, जनसाधारण, इत्यादि को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति, एतराज हो तो इस सूचना के प्रकाशन से सात दिवस की अवधि मे मुझसे व्यक्तिगत रूप से मेरे निम्नलिखित अंकित पते पर अपनी आपत्ति / ऐतराजात मय असल दस्तावेज सहित व्यक्त करें, उक्त अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा उक्त अवधि के पश्चात इस आम सूचना बाबत कोई भी आपत्ति / ऐतराजात किसी भी न्यायालय मे शून्य व निरस्त समझी जायेगी।
B. C. Shankla Advocate, Mob. 9829063273

संख्यांक 2
**विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिये सम्मन**
(आदेश 5 के नियम 1 व 5)
न्यायालय सिविल जज एंव न्यायिक मजिस्ट्रेट दूदू
जिला जयपुर राज0
कैलाश विरूद्ध रामनारायण वगै0
वाद बंटवारा एवं स्थायी निषेधाज्ञा
वाद पत्र सं0।। सन 2025.
नाम... भंवरलाल पुत्र लालूराम जाति बैरवा निवासी वाटिका तह. सांगानेर जिला जयपुर राज.। किस्तुरचन्द पुत्र घीसालाल जाति कुम्हार निवासी दूदू तह. दूदू जिला जयपुर राज.।
वादी.... ने आपके विरूद्ध उपरोक्त के लिये वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में दिनांक 01 माह 05 वर्ष 2025 को दिन में 10:30 बजे दावें का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समन किया जाता है आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद